**उ0प्र0 विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-9 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 9(क)- क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम चौरीडीह पावर हाउस मनौरी जनपद-कौशाम्बी में विद्युत पोल न होने के कारण वहॉ के निवासियों के घरों में विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? | उपखण्ड अधिकारी, चायल द्वारा ग्राम-चैराडीह, उपकेन्द्र-मनौरी, जनपद - कौशाम्बी का स्थलीय निरीक्षण कराया गया है। निरीक्षणोंपरान्त सूचित किया गया है कि उक्त ग्राम विद्युतीकृत है और 386 निवासियों के आवास विद्युत संयोजनयुक्त है, वहां पर विद्युत पोल सम्बन्धी समस्या विद्यमान नहीं है। वर्तमान में उक्त ग्राम में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति की जा रही है ।<br>निर्मित आवासीय/गैर आवासीय परिसरों में नया संयोजन लिए जाने हेतु यदि कोई झटपट पोर्टल के माध्यम से आवेदन करता है तो नियमानुसार संयोजन निर्गत किये जाते हैं। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त स्थान पर एक विद्युत पोल लगवायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए0 के0 शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**